**दिनांक : 13.07.2025** **समय : 02.10PM**

**आकाशवाणी भोपाल**

**दोपहर समाचार**

निवेश यात्रा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में निवेशकों का यज्ञ चल रहा है, जिसमें बड़े पैमाने पर निवेशकों से समर्थन मिल रहा है। प्रदेश सरकार आकर्षक औद्योगिक और निवेश नीतियों के माध्यम से निवेश आकर्षित करने का निरंतर प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि दुबई और स्पेन की विदेश यात्रा के माध्यम से विदेशी निवेशकों को प्रदेश में निवेश संभावनाओं और आकर्षक निवेश नीतियों से अवगत कराया जाएगा। गौरतलब है कि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री आज से 19 जुलाई तक दुबई और स्पेन की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान डॉ. यादव निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश की अपार संभावनाओं से अवगत कराएंगे। वहीं यात्रा पर इन्वेस्ट इन मध्यप्रदेश बिजनेस फोरम में निवेशकों से संवाद भी करेंगे।

स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार में मध्य प्रदेश एक बार फिर से गौरवान्वित होगा। उन्होंने बताया कि आगामी 17 जुलाई को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा मध्यप्रदेश के आठ शहरों को स्वच्छता की विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने इस उपलब्धि पर सभी स्वच्छता कर्मी, नगरीय निकायों के महापौर, अध्यक्ष, पार्षद, अधिकारी और कर्मचारियों सहित नागरिकों को बधाई दी है।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बताया कि इंदौर शहर को स्वच्छता के लिए सुपर स्वच्छ श्रेणी लीग में आठवीं बार सम्मानित किया जाएगा। इंदौर पूर्व में सात बार देश के स्वच्छतम शहर का पुरस्कार प्राप्त कर चुका है। विगत वर्षों में श्रेष्ठ प्रदर्शन और भविष्य की संभावनाओं के आधार पर स्वच्छ लीग पुरस्कार इस वर्ष इंदौर को दिया जाएगा। उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में स्वच्छ लीग पुरस्कार प्राप्त होगा, जो गर्व का विषय है। 20,000 से कम आबादी वाले नगरों की श्रेणी में बुधनी नगर भी सम्मानित किया जाएगा।

## एक्सिओम मिशन - शुक्ला

भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और एक्सिओम-4 मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी यात्रा कल शुरू होगी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि ये सभी अंतरिक्ष यात्री मंगलवार को दोपहर लगभग तीन बजे पृथ्वी पर वापस आ जाएंगे।

ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के 14 दिन के मिशन पर हैं। वे इस स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय और 1984 में अंतरिक्ष में गए विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं। इस यात्रा के दौरान, ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने भारत से संबंधित सात प्रयोग किए।

## पीठासीन अधिकारी-बैठक

मध्य प्रदेश विधानसभा में कल समिति प्रणाली की समीक्षा के लिए गठित पीठासीन अधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में देश के सात राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष और अधिकारी हिस्सा लेंगे। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर करेंगे।

मौसम

मध्यप्रदेश में हो रही लगातार बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है कई नदियां उफान पर हैं। मौसम विभाग ने आज मध्यप्रदेश के 12 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में विदिशा, राजगढ, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, कटनी, जबलपुर, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी शामिल हैं।

समाचार संक्षेप में .....

आज सुबह जबलपुर में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिसके चलते एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है, घायल व्यक्ति को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

नर्मदापुरम जिले की पिपरिया में सिंधु भवन से जटाशंकर कावड़ यात्रा पचमढ़ी की ओर निकली। कावड़िए कल शाम को सांडिया से नर्मदा जल लेकर पिपरिया पहुंचे थे।

..............